सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
ज्येष्ठ 25, सोमवार, शाके 1948- जून 15, 2026 Jyaistha 25, Monday, Saka 1948- June 15, 2026	

भाग-7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग

अधिसूचना

जयपुर, अप्रैल 17, 2026

संख्या रा.वि.वि. आयोग/सचिव/विनियम 165:- विद्युत अधिनियम 2003 (2003 का 36वां अधिनियम) की धारा 181(2)(जेडपी) सपठित धारा 3, 61, 66, 86 द्वारा प्रदत्त शक्तियों और उस निमित उसे समर्थ बनाने वाली समस्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग, एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:

1. **लघुशीर्षक, विस्तार तथा प्रारम्भण :**

1.1 ये विनियम **"**राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग मांग लचीलापन **(**डीएफ**)/** मांग पक्ष प्रबंधन **(**डीएसएम**)** विनियम**, 2026"** कहलायेंगे।

1.2 ये विनियम राजस्थान राज्य में मानित वितरण लाइसेंसधारियों सहित सभी वितरण लाइसेंसधारियों और उनकी उत्तराधिकारी इकाइयों पर लागू होंगे।

1.3 ये विनियम शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

1.4 विनियम 3.4.1 (ग) के अधीन मांग लचीलापन पोर्टफोलियो दायित्व 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा।

बशर्ते कि प्रथम वर्ष (वित्त वर्ष 2026-27) यथा प्रारम्भिक भार अनुसंधान और क्षमता निर्माण वर्ष माना जायेगा।

2. परिभाषायें

2.1 इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ द्वारा अन्यथा अपेक्षित न हो :

(क) **"अधिनियम"** से अभिप्राय समय-समय पर यथा संशोधित विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36वां) से है ।

(ख) **"एग्रीगेटर"** से अभिप्राय ऐसी संस्था से है जो वितरण लाइसेंसधारी के साथ पंजीकृत है और मांग लचीलापन तंत्र के अंतर्गत मांग प्रतिक्रिया सेवाओं, वितरित उत्पादन, ऊर्जा भंडारण आदि सहित एक या अधिक सेवाओं का लाइसेंसधारी क्षेत्र के भीतर एग्रीगेशन प्रदान करती है;

बशर्ते कि वितरण लाइसेंसधारी विभिन्न सेवाओं के लिये एक सामान्य एग्रीगेटर पंजीकृत कर सकता है।

(ग) "एआरआर" से अभिप्राय वार्षिक राजस्व आवश्यकता से है।

(घ) **"परिहारित लागत"** से अभिप्राय डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के कारण वितरण लाइसेंसधारी द्वारा विद्यमान या नये वितरण प्रणाली निवेश या उन्नयन में विद्युत के क्रय या वितरण संबंधी लागतों से बचने पर होने वाली वृद्धिशील लागतों में की गयी बचत से है ।

(ड़) **"बेसलाइन डाटा"** से अभिप्राय कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन करने के लिये तुलना हेतु प्रारंभिक बिंदु प्रदान करने के लिये किसी डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम के आरम्भ होने से पहले, उपभोक्ताओं के किसी विशिष्ट वर्ग या श्रेणी या किसी वितरण क्षेत्र से विद्युत के उपभोग और/या मांग से संबंधित डाटा से है।

(च) **"आयोग"** से अभिप्राय अधिनियम की धारा 82 के अधीन यथा गठित राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग से है;

(छ) **"लागत प्रभाविता"** से अभिप्राय डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम में किसी भी निवेश के सापेक्ष प्रदर्शन या आर्थिक आकर्षणशीलता का सूचक या फिर ऐसे निवेश के अभाव में उत्पादित और वितरित की जाने वाली ऊर्जा की लागत की तुलना की जाती है और जैसा कि इन विनियमों के अध्याय **II** में निर्धारित है, से है।

(ज) **"मांग लचीलापन"** या **"डीएफ"** से अभिप्राय है अंतिम-उपयोग के उपभोग जो यथा मांग प्रतिक्रिया उपाय के बढ या घट सकती है या सिस्टम लागत को कम करने या आस्थगित करने के सह-लाभों के साथ विद्युत को अधिक किफायती बनाने के लिये, मांग पक्ष के भार की वह क्षमता जो उपभोग के पैटर्न को प्रति घंटा या किसी अन्य टाइम स्केल पर बदल सकती है;

(झ) **"मांग लचीलापन पोर्टफोलियो दायित्व"** या **"डीएफपीओ"** से अभिप्राय है नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण सेवाओं को अधिकतम करना सहित सिस्टम की

आवश्यकताओं के आधार पर लोड को तेजी से बढ़ाने और घटाने की सुविधा प्रदान करने के लिये लचीली मांग का एक ऐसा प्रक्षेपवक्र जिसे वितरण लाइसेंसधारी को वार्षिक आधार पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक है;

(ञ) **"**मांग प्रतिक्रिया**"** से अभिप्राय अंतिम उपभोक्ताओं द्वारा या किसी नियंत्रण क्षेत्र द्वारा मैन्युअल रूप से या स्वचालित रूप से, स्वतंत्र रूप से या सामूहिक रूप से, सिस्टम की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्युत के उपयोग में होने वाला परिवर्तन, से है।

(ट) **"**डीएफ/डीएसएम प्रकोष्ठ**"** से अभिप्राय इन विनियमों के अंतर्गत अनिवार्य डीएफ/डीएसएम गतिविधियों के कार्यान्वयन की दिशा में लक्षित गतिविधियों के लिये वितरण लाइसेंसधारी द्वारा विशिष्ट प्रकोष्ठ की स्थापना किये जाने से है।

(ठ) **"**डीएफ/डीएसएम संसाधन**"** से अभिप्राय डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम (एकल या एकाधिक स्थानों पर यथा एकल या समूह उपकरणों के) के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप उपभोग (केडब्ल्यूएच) और/या मांग (केडब्ल्यू/केवीए) में बचत से है, जिसे तीन महत्वपूर्ण आयामों में व्यक्त किया जाता है, अर्थात् मात्रा (केडब्ल्यूएच और/या केडब्ल्यू/केवीए), समय और लागत;

बशर्ते कि जीवाश्म ऱ्इंधन आधारित डीजल जनरेटर (डीजी) सर्वथा अपवर्जित है और वे पात्र डीएफ/डीएसएम संसाधन के रूप में योग्य नहीं होंगे।

(ड) **"**डीएफ गेटवे**"** से अभिप्राय उपभोक्ता के परिसर में मानकीकृत इंटरफेस या सुरक्षित संचार गेटवे से है जो मांग लचीलापन संसाधनों के एकत्रीकरण, निगरानी और प्रेषण को सुगम बनाता है।

(ढ) **"**वितरण लाइसेंसधारी**"** से अभिप्राय उस व्यक्ति से है जिसे अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत अपने आपूर्ति क्षेत्र में उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति के लिये वितरण प्रणाली संचालित और रखरखाव करने का लाइसेंस दिया गया है, और इसमें मानित लाइसेंसधारी भी शामिल है।

(ण) **"**डीएसएम**"** से अभिप्राय मांग पक्ष प्रबंधन है; वितरण लाइसेंसधारी द्वारा विद्युत के अंतिम-उपयोग को बदलने की दिशा में किये गए कार्यों को शामिल किया जाता है चाहे वह मांग को बढ़ाना हो, घटाना हो, या उच्च और निम्न चरम अवधियों के बीच इसे स्थानांतरित करना हो - और यह सब वितरण लाइसेंसधारी की लागत को कम करने के समग्र हित में।

(त) **"**उर्जा दक्षता**"** से अभिप्राय उन गतिविधियों या कार्यक्रमों से है जो उपभोक्ताओं को अधिक कुशल उपकरण या नियंत्रण में निवेश करके ऊर्जा के

उपयोग को कम करने के लिये प्रोत्साहित करते हैं, जिससे उपभोक्ता द्वारा अनुभव किये गये सेवा के तुलनीय स्तर को बनाये रखते हुये ऊर्जा का उपयोग कम हो जाता है;

(थ) **"**मूल्यांकन**,** मापन और सत्यापन या र्इएमवी**"** से अभिप्राय इन विनियमों के अध्याय III के अंतर्गत शामिल गतिविधियों से है, जिसमें डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों का मूल्यांकन, निगरानी, मापन और सत्यापन शामिल है;

(द) **"**लचीलापन घटना**"** का अभिप्राय है वितरण लाइसेंसधारी या एग्रीगेटर द्वारा जारी किया गया विशिष्ट, समयबद्ध प्रेषण निर्देश, जो नेटवर्क की बाधाओं को कम करने या आपूर्ति और मांग को संतुलित करने के लिये मांग प्रतिक्रिया या लोड-शिफ्टिंग उपायों को सक्रिय करता है;

(ध) **"**स्वतंत्र सत्यापन एजेंसी या आईवीए**"** या तो ऊर्जा अंकेक्षकों या मान्यता प्राप्त ऊर्जा अंकेक्षकों या ऊर्जा प्रबंधकों या माप और सत्यापन व्यावसायिक के रूप में प्रमाणित व्यक्ति हैं या ऐसे संगठन हैं जिनमें ऊर्जा लेखा परीक्षकों या मान्यता प्राप्त ऊर्जा लेखा परीक्षकों या ऊर्जा प्रबंधकों या माप और सत्यापन व्यावसायिक के रूप में प्रमाणित व्यक्ति हैं;

(न) ''आईपीएमवीपी (IPMVP)''का अभिप्राय है अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन मापन एवं सत्यापन प्रोटोकॉल, जो ऐसे दिशानिर्देश प्रदान करता है जिनका उपयोग डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों से होने वाली बचत का अनुमान लगाने के लिये किया जा सकता है;

(प) **"**जीवन**"** से अभिप्राय डीएफ/डीएसएम उपायों के स्थापित और कार्यक्रम के अंतर्गत संचालन योग्य रहने की माध्यिका वर्षों की संख्या या वारंटीकृत सेवा वर्षों के अनुमान से है।

(फ) **"**लोड प्रबंधन**"** का अभिप्राय ऐसे कार्यक्रम से हैं जो विद्युत की उच्च-लागत वाली अवधि से चरम मांग को कम करते हैं या गैर-चरम या कम लागत वाली समयावधि में स्थानांतरित करते हैं, जिससे विद्युत के उपयोग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता या नगण्य वृद्धि होती है;

(ब) **"**लोड अनुसंधान**"** से अभिप्राय दैनिक, मासिक, मौसमी और वार्षिक उपयोग पैटर्न को कैप्चर करने के लिये विभिन्न प्रकार की मीटरिंग (स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम से डेटा कैप्चर करना सहित), सर्वेक्षण, उपभोक्ता-स्तरीय ऊर्जा उपभोग के विस्तृत ऊर्जा ऑडिट का उपयोग करते हुये ऐसी गतिविधि जिसमें वितरण लाइसेंसधारी द्वारा सेवा प्रदान किये जाने वाले उपभोक्ताओं की लोड विशेषताओं के रुझानों और सामान्य व्यवहार का संपूर्ण और

विश्वसनीय ज्ञान प्रदान करने के लिये विद्युत लोड की विशेषताओं का मापन और अध्ययन शामिल है, से है।

(भ) **"एमवाईटी (MYT)"** का अभिप्राय हैं बहु-वर्षीय टैरिफ;

(म) **"नेटवर्क बाधा"** का अभिप्राय है एक स्थानीयकृत ग्रिड स्थिति जहां विशिष्ट वितरण ट्रांसफार्मर, फीडर या सबस्टेशन पर लोडिंग सुरक्षा सीमा से अधिक हो जाती है, जिसके लिये ग्रिड स्थिरता बनाये रखने के लिये लोड शिफ्टिंग या मांग प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है।

(य) **"एनपीवी (NPV)"** का अभिप्राय है शुद्ध वर्तमान मूल्य;

(र) **"पीसीटी (PCT)"** या सहभागी लागत परीक्षण, किसी उपभोक्ता को डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम में भाग लेने से होने वाले मात्रात्मक लाभों और लागतों को मापता है;

(ल) **"आरआईएम (RIM)"** दरदाता प्रभाव माप (ratepayer Impact Measure) एक ऐसा साधन परीक्षण है जो कार्यक्रम के कार्यान्वयन और लागतों के उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन करता है;

(व) **"एससीटी (SCT)"** या सामाजिक लागत परीक्षण, डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम के समाज पर पड़ने वाले मात्रात्मक लाभों और लागतों को मापता है;

(श) **"टीआरसी (TRC)"** या कुल संसाधन लागत परीक्षण का अभिप्राय है वह तरीका जो किसी डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम के कुल मात्रात्मक लाभों और लागतों को मापता है;

2.2 उपर्युक्त के अतिरिक्त और जब तक संदर्भ या विषयवस्तु के विपरीत न हो, अन्यथा आवश्यक न हो, इन विनियमों में प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्तियाँ, जो यहाँ परिभाषित नहीं है, लेकिन अधिनियम में, या आयोग के किसी अन्य विनियम में परिभाषित किया गया है, वहीं अर्थ होगा जो क्रमश: अधिनियम, नियमों या उनके अधीन बनाये गये अन्य विनियमों में समनुदेशित हैं।

अध्याय I: **कार्यान्वयन**

3. लाइसेंसधारी के संचालनों में बुनियादी सिद्धांत**:**

3.1 मांग लचीलापन **(**डीएफ**)/**मांग पक्ष प्रबंधन **(**डीएसएम**)**

3.1.1 प्रत्येक वितरण लाइसेंसधारी अपने दैनिक कार्यो में डीएफ/डीएसएम को अपनायेगा और उपयुक्त डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों की योजना, डिजाइन और कार्यान्वयन को सतत आधार पर करेगा जो सुचारू ग्रिड संचालन, आपूर्ति और

मांग को संतुलित करने के लिये मापने योग्य, प्रतिरूपणीय के लिये उपलब्ध हैं, और अन्य विनियमों के अंतर्गत संसाधन पर्याप्तता आवश्यकताओं को सुनिश्चित करेगा। लाइसेंसधारी डीएफ/डीएसएम प्रकोष्ठ में उसकी गतिविधि के लिये आवश्यक पर्याप्त कर्मचारी नियुक्त करेंगे और ऐसे प्रकोष्ठ का नेतृत्व एक ऐसे अधिकारी द्वारा किया जायेगा जो मुख्य अभियंता के पद से नीचे का न हो।

3.1.2 वितरण लाइसेंसधारी डीएफ और डीएसएम गतिविधियों के संबंध में निम्नलिखित उद्देश्यों का पालन करेगा:

(i) विद्युत की मांग को नियंत्रित, परिवर्तित और प्रभावित करना;

(ii) ऊर्जा के कुशल उपयोग के लिये उपभोक्ताओं को विद्युत की मांग के समय और स्तर दोनों के संबंध में अपने विद्युत उपभोग के पैटर्न को परिवर्तित/संशोधित करने के लिये प्रोत्साहित करना;

(iii) Utilities को सहायता प्रदान करने हेतु आपूर्ति पक्ष (Supply Side) रणनीतियों को पूरक बनाना, ताकि वे इनसे बच सकें, उन्हें कम कर सकें या टाल सकें ;

क) महंगी क्षमता (उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण नेटवर्क) में वृद्धि

ख) महंगी विद्युत खरीद, तथा इसके स्थान पर सस्ती नवीकरणीय ऊर्जा को शामिल करना।

(iv) ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करके पर्यावरण की क्षति को कम करना;

(v) विभिन्न डीएसएम कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिये राष्ट्रीय स्तर के प्रयासों की अनुपूर्ति;

(vi) बाजार में स्थायी संरचनात्मक या व्यवहारिक परिवर्तनों को प्रवृत् करने लिये व्यूहात्मक प्रयास करें, जिससे ऊर्जा दक्षता को अपनाने में वृद्धि हो साथ ही साथ प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों, सेवाओं और प्रथाओं के साथ लचीली मांग की पहचान और एकीकरण;

(vii) उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और इसके परिणामस्वरूप सभी उपभोक्ताओं के लिये टैरिफ में समग्र कमी आयेगी।

3.2 डीएफ/डीएसएम उपायों की लागत वसूली :

3.2.1 वितरण लाइसेंसधारी लोड रिसर्च (एलआर) का संचालन करना, डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों की योजना बनाना, डिजाइन करना, कार्यान्वयन करना, निगरानी करना और मूल्यांकन करना सहित किसी भी डीएफ/डीएसएम संबंधित गतिविधि में उनके

द्वारा किये किये गये सभी उचित व्ययों की वसूली का प्रस्ताव MYT/ARR फाइलिंग में पूंजी निवेश योजना के अंतर्गत और वार्षिक वित्तीय रिपोर्टिंग में कर सकते हैं।

3.2.2 वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा किये गये सभी डीएफ/डीएसएम संबंधित गतिविधियाँ/कार्यक्रम

(i) जैसा कि इन विनियमों के अध्याय II के अंतर्गत निर्धारित किया गया है, वितरण लाइसेंसधारियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिये भी लागत-प्रभावी होगे ;

(ii) उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करेगे और इसे निष्पक्ष तरीके से कार्यान्वित करेगें;

(iii) इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं के लिये कुल टैरिफ में कमी आएगी, या अध्याय II में परिभाषित सीमांत वृद्धि होगी;

3.3 वितरण लाइसेंसधारियों की भूमिका :

(i) डीएफ/डीएसएम प्रकोष्ठ को निधि (वितरण लाइसेंसधारी के कुल बजट के प्रतिशत के रूप में) आवंटित करना।

(ii) नियोजन के प्रयोजनार्थ एमवाईटी/एआरआर अवधि के लिये रोलिंग आधार पर मजबूत डीएफ/डीएसएम पोर्टफोलियो संरचना को विकसित करना।

(iii) उपभोक्ताओं को डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों के बारे में सूचित करने और उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये उपभोक्ता संपर्क और जागरूकता अभियान चलाना।

(iv) मांग लचीलापन, भार प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों को लागू करने के अवसरों की पहचान करते हुये और उपायों का प्रस्ताव करते हुये भार अनुसंधान रिपोर्ट आयोजित करना और प्रस्तुत करना;

(v) आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करना :

क. ऊर्जा और मांग पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में, साथ ही इन विनियमों के अध्याय II के अंतर्गत निर्धारित लागत लाभ विश्लेषण के संबंध में;

ख. इन विनियमों के अध्याय III के अंतर्गत निर्धारित कार्यान्वित कार्यक्रमों के मूल्यांकन, मापन और सत्यापन पर;

(vi) एग्रीगेटरों, उपभोक्ताओं, लचीले संसाधनों, बेसलाइनों और घटना प्रदर्शन का डिजिटल रजिस्टर का सृजन और संधारण।

(vii) आयोग के विशिष्ट निर्देशों का कार्यान्वयन करना।

(viii)लोड अनुसंधान रिपोर्ट तैयार करते समय और कार्यक्रम विकास चरण के दौरान नेटवर्क-बाधित क्षेत्रों की उचित पहचान करने, सिस्टम आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाने, आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने के लिये राज्य भार प्रेषण केंद्र (एसएलडीसी) के साथ सहयोगात्मक रूप से कार्य करना; इसके अतिरिक्त, डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों के लिये मांग नियंत्रण/प्रभावी उपायों की योजना, डिजाइन और कार्यान्वयन के संबंध में आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने के लिये एसएलडीसी के साथ परामर्श करना; और साथ ही, मांग लचीलेपन से संबंधित कार्यों के बारे में एसएलडीसी को समय पर अग्रिम जानकारी प्रदान करना।

3.4 डीएफ/डीएसएम मार्गदर्शक सिद्धांत **:**

3.4.1 वितरण लाइसेंसधारियों के कर्तव्य निम्नप्रकार होंगे :

क**)** डीएफ/डीएसएम पोर्टफोलियो का विकास**:** डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम पोर्टफोलियो में व्यापक रूप से निम्नलिखित शामिल होंगे :

(i) उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण और डीएफ/डीएसएम पहलों में भाग लेने की उनकी इच्छा सहित विस्तृत लोड अनुसंधान और बाजार अनुसंधान गतिविधि के निष्कर्ष;

(ii) लागू किये जाने वाले संभावित डीएफ कार्यक्रमों और डीएफपीओ लक्ष्यों का विस्तृत कार्य-चालन, जिसमें डीएफ, ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों जैसे सभी घटक शामिल हैं:

(iii) डीएफपीओ पोर्टफोलियो दायित्व की पूर्ति की दिशा में 5 वर्षीय व्यूहरचना और रोडमैप (अग्रपथ)तैयार करना;

(iv) पोर्टफोलियो और कार्यक्रम विशिष्ट लागत प्रभावशीलता मूल्यांकन;

(v) डीएफ और डीएसएम मूल्यांकन, मापन और सत्यापन प्रक्रियाओं का विकास करना;

(vi) वार्षिक मांग प्रतिक्रिया लक्ष्यों और अन्य ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण पोर्टफोलियो के वार्षिक कार्यान्वयन को पूरा करने के लिये निधि परिनियोजन योजना।

(vii) लोड शिफ्टिंग और मांग प्रतिक्रिया कार्यक्रम का संचालन।

(viii) स्मार्ट मीटर स्थापित कर डीआर कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी एचटी और एलटी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को उपयुक्त टैरिफ आधारित प्रोत्साहन या छूट प्रदान करना ।

(ix) ऊर्जा बचत और परिचालन दक्षता के लिये जहां भी संभव हो, डीएसएम उपायों में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आर्इओटी) जैसी नवीनतम तकनीकों का कार्यान्वयन।

ख) डीएफ/डीएसएम पोर्टफोलियो को प्रस्तुत करने और संबंधित अनुमोदनों के लिये समयसीमा : वितरण लाइसेंसधारियों को एमवाईटी/एआरआर टैरिफ/निवेश योजना प्रस्ताव के साथ "डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम पोर्टफोलियो और कार्यान्वयन कार्य योजना" (अनुलग्नक 1) प्रस्तुत करनी होगी। वितरण लाइसेंसधारियों को वार्षिक आधार पर, संबंधित वर्षों के लिये एपीआर प्रस्तावों के साथ "डीएफ/डीएसएम कार्यान्वयन पर स्थिति रिपोर्ट" प्रस्तुत करनी होगी।

बशर्ते कि वितरण लाइसेंसधारी, यदि आवश्यक हो तो पृथकत: "डीएफ /डीएसएम कार्यक्रम पोर्टफोलियो और कार्यान्वयन कार्य योजना" भी दायर कर सकते हैं।

ग) डीएफपीओ बहुवर्षीय लक्ष्य: वितरण लाइसेंस के स्पष्ट प्रावधानों को विशिष्ट मांग लचीलापन पोर्टफोलियो दायित्वों (डीएफपीओ) के अनुरूप होना चाहिये, जो निम्नलिखित विशिष्ट प्रक्षेपवक्र के साथ स्थापित किये गये हैं:

वित्तीय वर्ष	पिछले वित्तीय वर्ष में अनुभव की गयी चरम मांग के यथा प्रतिशत के डीएफपीओ […],
विव 2026-27	0.25%
विव 2027-28	1%
विव 2028-29	1.5%
विव 2029-30	2.0%

आगामी वर्षों के लिये लक्ष्य आयोग द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किये जाएंगे। लाइसेंसधारी अपने स्वयं के कार्यक्रमों (जैसे, व्यवहार संबंधी डीआर ऐप्स) के माध्यम से या पंजीकृत एग्रीगेटरों से क्षमता प्राप्त करके डीएफपीओ की पूर्ति कर सकता है। जब तक ऐसे लक्ष्य अधिसूचित नहीं हो जाते, तब तक वित्त वर्ष 2029-30 के लक्ष्य लागू रहेंगे।

घ) डीएफपीओ के प्रोत्साहन और हतोत्साहन : वितरण लाइसेंसधारी डीएफपीओ से अधिक प्राप्त प्रत्येक मेगावाट के लिये 0.20 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के लिये पात्र होगा। इसी प्रकार, वितरण लाइसेंसधारी को डीएफपीओ के प्रत्येक मेगावाट की कम उपलब्धि के लिये 0.20 करोड़ रुपये का हतोत्साहन देना होगा।

बशर्ते कि पहले वर्ष को तैयारी वर्ष माना जायेगा और इस अवधि के दौरान कोई हतोत्साहन नहीं होगा ।

बशर्ते यह भी कि वितरण लाइसेंसधारी को अपने एआरआर याचिका में डीएफपीओ लक्ष्य की प्राप्ति के संबंध में अपने निष्पादन की रिपोर्ट देनी होगी।

ड़) डीएफ और डीएसएम जोन : वितरण लाइसेंसधारी वार्षिक आधार पर नेटवर्क संबंधी बाधाओं वाले निर्दिष्ट क्षेत्रों/डीटी, फीडरों और सबस्टेशनों को "डीएफ/डीएसएम जोन" के रूप में चिन्हित करेगा। निर्धारित डीएफ/डीएसएम जोन को डीएफ और डीएसएम कार्यक्रमों के लिये लक्षित किया जायेगा।

च) डीएफ/डीएसएम पोर्टफोलियो कार्यक्रम: वितरण लाइसेंसधारियों को डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम लागू करने होंगे जो संसाधन पर्याप्तता के पोर्टफोलियो में वृद्धि करते हैं और जिनमें त्वरित रैंप-अप और रैंप-डाउन सेवाएं प्रदान करने, चरम मांग को कम करने और संबंधित महंगी विद्युत क्रय को कम करने के लिये मांग लचीलापन शामिल है। मांग लचीलापन कार्यक्रमों में मांग प्रतिक्रिया पहल भी शामिल होगी जिसमें उपभोक्ता अपने लोड प्रकारों को अनुकूल बनाने के लिये सहमत होंगे। वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा अब अनुभव किये जा रहे नये भार को देखते हुये, इन विनियमों के माध्यम से प्रस्तावित और कार्यान्वित कार्यक्रमों में निम्नलिखित शामिल होंगे, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे :

i. लिफ्ट सिंचाई योजनाओं, नगर निगमों, शहरी स्थानीय निकायों, गांवों और गांवों के समूहों में पेयजल योजनाओं में समय-आधारित और चयनात्मक पंपिंग (ऊर्जा की लागत के आधार पर);

ii. सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये उपयुक्त प्रोटोकॉल के माध्यम से स्मार्ट चार्जर द्वारा G2V और V2G;

iii. राविविआ बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली विनियम के अनुसार मीटर-के-पीछे बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली;

iv. आवासीय, अस्पताल, होटल, औद्योगिक और वाणिज्यिक भवनों में हीट पंप;

v. आवासीय, अस्पताल, होटल, औद्योगिक और वाणिज्यिक भवनों में थर्मल ऊर्जा भंडारण प्रणाली;

vi. कुशल प्रशीतन/शीत भंडारण कार्यक्रम;

vii. उपभोक्ता परिसर में पुराने/अकुशल उपकरणों का कुशल उपकरणों से प्रतिस्थापन;

viii. जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अंतिम उपयोगकर्ताओं के व्यवहार में परिवर्तन लाना, जिसके लिये किसी विशिष्ट निवेश या टैरिफ हस्तक्षेप (जैसे कि TOU शुल्क) की आवश्यकता नहीं होती है।

ix. ग्रिड में हार्मोनिक स्तरों की निगरानी।

x. एग्रीगेटरों से मांग में लचीलेपन का केंद्रीकृत क्रय।

xi. कृषि भार को सौर या पवन घंटो की ओर स्थानांतरित करना। साथ ही, सौर कृषि या पीएम- कुसुम योजना का लाभ उठाना।

xii. वर्चुअल और ग्रुप नेट मीटरिंग जैसे यूटिलिटी-आधारित एग्रीगेशन मॉडल में भाग लेने वाले उपभोक्ताओं को मांग में लचीलेपन में हिस्सेदार होने के लिये प्रोत्साहित किया जा सकता है।

xiii. व्हीकल टू ग्रिड सप्लार्इ को भी राविविआ बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली विनियमों में समाविष्ट किया गया है।

xiv. कूलिंग -एज-ए-सर्विस (CaaS) और एकीकृत बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम (BMS) जैसे उन्नत व्यावसायिक मॉडलों का एकीकरण;

बशर्ते कि जीवाश्म-ईधंन-आधारित डीजल जनरेटर (डीजी) वाले कार्यक्रम इन विनियमों के अंतर्गत मांग लचीलापन या डीएसएम संसाधनों के रूप में भाग लेने के लिये पात्र नहीं होंगे।

डिस्कॉम को चरम मांग को कम करने के उद्देश्य से मांग प्रतिक्रिया कार्यक्रमों की योजना बनानी, डिजाइन करना और उन्हें लागू करना होगा। डिस्कॉम भागीदारी मानदंड, आधारभूत कार्यप्रणाली, घटना ट्रिगर और प्रोत्साहन या दंड तंत्र को परिभाषित करेगा और मांग प्रतिक्रिया प्रदर्शन के पारदर्शी माप, सत्यापन और निपटान को सुनिश्चित करेगा।

मांग प्रतिक्रिया कार्यक्रमों में भाग लेने वाले उपभोक्ताओं को कार्यक्रम के दिशानिर्देशों का पालन करना होगा, प्रतिबद्धता के अनुसार लोड को कम करके या स्थानांतरित करके मांग प्रतिक्रिया घटनाओं पर प्रतिक्रिया देनी होगी और आवश्यक मीटरिंग या नियंत्रण बुनियादी ढांचे तक पहुंच की अनुमति देनी होगी। आयोग द्वारा अन्यथा अनिवार्य किये जाने तक भागीदारी स्वैच्छिक होगी, और सभी कार्यक्रम उपभोक्ता हितों और डेटा गोपनीयता की रक्षा के लिये सुरक्षा उपायों के साथ गैर-भेदभावपूर्ण तरीके से लागू किये जाएंगे। वितरण लाइसेंसधारी यह सुनिश्चित करेगा कि उपभोक्ता को किसी भी एग्रीगेटर के साथ बिना किसी अतिरिक्त लागत के स्विच करने का अधिकार हो, ताकि किसी एक विक्रेता के साथ जुड़ाव को रोका जा सके।

उपरोक्त के अतिरिक्त, घरेलू उपभोक्ताओं, कृषि क्षेत्र आदि सहित उपभोक्ताओं के परिसरों में विशिष्ट ऊर्जा संरक्षण पहलों को पोर्टफोलियो में शामिल किया जायेगा और डीएफ/डीएसएम पोर्टफोलियो पूंजीगत व्यय के माध्यम से वित्त पोषित किया जायेगा। कथित कार्यक्रमों को लाइसेंसधारियों द्वारा सीधे या उनके द्वारा नियुक्त एग्रीगेटरों के माध्यम से उचित क्रय प्रक्रियाओं का पालन करते हुये कार्यान्वित किया जा सकता है, क्योंकि एग्रीगेटरों की नियुक्ति के लिये किये गये खर्च कार्यक्रम की लागत में शामिल होते हैं। वितरण लाइसेंसधारी एग्रीगेटरों के पंजीकरण और संचालन के लिये आवश्यक दिशानिर्देश तैयार करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि एग्रीगेटर तकनीकी और वित्तीय रूप से सक्षम है ताकि वह उनकी ओर से इन विनियमों में निर्दिष्ट कार्यों को कर सके और दायित्वों का निर्वहन कर सके। वितरण लाइसेंसधारी यह सुनिश्चित करेगा कि एग्रीगेटर और आर्इवीए अलग-अलग संस्थाएं हों।

वितरण लाइसेंसधारी या एग्रीगेटरों के माध्यम से (वितरण लाइसेंसधारी की ओर से) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपभोक्ता डीएफ और डीएसएम कार्यक्रमों में भाग लेने के लिये जागरूक हों और स्वेच्छा से सहमति दें। अग्रतर, उपभोक्ताओं को कार्यक्रम और उससे संबंधित अधिकारों और प्रक्रियाओं से हटने के बारे में जागरूक किया जायेगा।

जी) डीएफ/डीएसएम पोर्टफोलियो और समीक्षा दस्तावेजों का सार्वजनिक प्रकटीकरण : वितरण लाइसेंसधारी को अपनी वेबसाइटों पर वार्षिक आधार पर निम्नलिखित दस्तावेज प्रकाशित करने होंगे :

(i) लोड अनुसंधान,

(ii) उपकरण उपयोग और संतृप्ति रिपोर्ट,

(iii) डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम पोर्टफोलियो और कार्यान्वयन कार्य योजना

(iv) डीएफ/डीएसएम कार्यान्वयन पर स्थिति रिपोर्ट,

(v) डीएफ/डीएसएम पोर्टफोलियो मूल्यांकन, मापन और सत्यापन रिपोर्ट।

बशर्ते कि उपभोक्ता भार डेटा को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के अनुपालन में, स्पष्ट, निरस्त करने योग्य सहमति के बिना किसी भी तीसरे पक्ष के साथ साझा नहीं किया जायेगा, सिवाय आर्इवीए द्वारा निपटान और सत्यापन के उद्देश्य से।

4. डीएफ/डीएसएम वित्तपोषण (फंडिंग) :

4.1 वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा कार्यान्वित किये जाने वाले सभी डीएफ/डीएसएम पोर्टफोलियो कार्यक्रमों और योजनाओं के वित्तपोषण को एमवाईटी/एआरआर

फाइलिंग में शामिल किया जायेगा। वितरण लाइसेंसधारियों को इन विनियमों के अध्याय II में शामिल लागत-प्रभावशीलता मूल्यांकन परीक्षण के आधार पर आयोग द्वारा विवेकपूर्ण जांच के अधीन सभी लागतों की वसूली करने की अनुमति होगी।

4.2 आयोग वितरण लाइसेंसधारियों को अन्य पूरक डीएफ/डीएसएम वित्तपोषण दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दे सकता है, जैसे कि टैरिफ के माध्यम से पश्चात्वर्ती तारीख को डीएफ-डीएसएम शुल्क एकत्र करके निधियों के पूल का सृजन करना; यदि ऐसा दृष्टिकोण लाभकारी पाया जाता है।

अध्याय II: **लागत-प्रभावशीलता मूल्यांकन परीक्षण**

किसी पोर्टफोलियो की आर्थिक प्रभावशीलता का आकलन निर्णय परिवर्तियों के आधार पर किया जाता है, अन्य बातों के साथ-साथ, डीएफ/डीएसएम उपाय/कार्यक्रम की लागत और प्रभाव (ऊर्जा - किलोवाटघंटे और मांग - केवीए या किलोवाट), छूट दर, जीवनकाल, वृद्धि दर और परिहारित लागत।

5. लागत-प्रभावशीलता के मानदंड**:**

वितरण लाइसेंसधारियों को विशिष्ट लागत प्रभावशीलता मूल्यांकन परीक्षण के परिणाम प्रस्तुत करने होंगे। वितरण लाइसेंसधारी यथा मुख्य बाधा परीक्षण के कुल संसाधन लागत (टीआरसी) परीक्षण; इसके बाद **Ratepayer-Impact Measure** (आरआर्इएम) परीक्षण का मूल्यांकन करेगा जो इस तथ्य की पुष्टि करता है कि कार्यक्रम के कार्यान्वयन और उससे होने वाली लागत का टैरिफ पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। कार्यक्रम की स्क्रीनिंग निम्नलिखित परीक्षणों का उपयोग करके की जायेगी:

क) टीआरसी यथा मुख्य बाधा परीक्षण **:** सभी डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम जिनमें लागत के एनपीवी की तुलना में लाभों के शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) के लिये सकारात्मक संख्या दर्शाती है, उन्हें आरआर्इएम परीक्षण के मूल्यांकन के लिये विचार किया जाना चाहिये;

ख) आरआर्इएम परीक्षण: डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम जो लागतों पर लाभों के एनपीवी के मामले में सकारात्मक संख्या दर्शाते हैं, दरदाताओं पर कम प्रभाव डालने वाले कार्यक्रमों को कार्यान्वयन के लिये विचार किया जायेगा।

ग) जीवन-चक्र राजस्व प्रभाव **(**एलआरआईआरआईएम**)** परीक्षण : डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम जो आरआईएम परीक्षण के लिये सकारात्मक संख्या नहीं दर्शाते हैं, उन्हें लागू किया जा सकता है यदि डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के कारण टैरिफ पर प्रभाव 0.005 रुपये/किलोवाट घंटा से कम या वर्तमान

टैरिफ के 0.05 प्रतिशत से कम हो, जो भी अधिक हो। ऊर्जा बचत से संबंधित सभी आंकड़ों को विद्युत की कमी, यदि कोई हो, के लिये संशोधित किया जाना चाहिये।

6. कुल संसाधन लागत परीक्षण :

मुख्य बाधा परीक्षण लाभों (बी) और लागतों (सी) के शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) की गणना करके किया जायेगा। किसी डीएफ/डीएसएम उपाय/कार्यक्रम के लिये एनपीवी, बी और सी के बीच के अंतर के रूप में निर्धारित किया जायेगा।

जहाँ,

बी**(B)** = निर्दिष्ट समयावधि में छूट के बाद उपाय/कार्यक्रम लाभों का शुद्ध वर्तमान मूल्य **(**एनपीवी**)**

सी **(C)** = निर्दिष्ट समयावधि में छूट के बाद उपाय/कार्यक्रम लागतों का शुद्ध वर्तमान मूल्य **(**एनपीवी**)** यदि वर्ष "t" में उपाय/कार्यक्रम का लाभ "Bt" है, और छूट दर "r" है, छूट की समयावधि "n" वर्ष है, तब B को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है:

$$B = \sum_{t=1}^{n} [(Bt)/ (1+r)^{t-1}] \qquad \text{(समीकरण 1)}$$

इसी प्रकार, यदि वर्ष "t" में उपाय/कार्यक्रम की लागत "Ct" है, और छूट दर "r" है, तथा छूट की समयावधि "n" वर्ष है, तो C को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है:

$$C = \sum_{t=1}^{n} [(Ct)/ (1+r)^{t-1}] \qquad \text{(समीकरण 2)}$$

टीआरसी परीक्षण के लिये लागत और लाभ तत्वों का निर्धारण निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखते हुये किया जायेगा:

क) किसी कुशल डिवाइस/सामग्री/उपकरण/प्रौद्योगिकी या कार्यपद्धति की लागत, जिसमें लागू कर, शुल्क और करारोपण शामिल हैं;

ख) किसी कुशल डिवाइस/सामग्री/उपकरण/प्रौद्योगिकी/कार्यपद्धति से संबंधित स्थापना, जॉच और प्रारम्भ करने की लागत;

ग) उपाय/कार्यक्रम की अवधि के दौरान वार्षिक संचालन और रखरखाव लागत;

घ) पुराने, अक्षम उपकरणों को हटाने और सुरक्षित निपटान की लागत (यदि डीएसएम उपाय/कार्यक्रम में प्रतिस्थापन या रेट्रोफिटिंग अंतर्ग्रस्त है) और ऐसे उपकरणों के बचाव मूल्य की वसूली;

ड़) कार्यक्रम प्रशासन, निगरानी और मूल्यांकन की लागत;

च) कार्यक्रम के विपणन खर्च और उपभोक्ता ज्ञानप्राप्ति लागत, जिसमें उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित लागत भी शामिल है।

छ) विद्युत की क्रय से बचना, बुनियादी ढांचे के उन्नयन से बचना, ग्रिड बुनियादी ढांचे के रखरखाव में कमी, व्यस्त समय के दौरान अधिशेष विद्युत से राजस्व आदि सहित लागत/लाभों से बचा जा सकता है।

स्पष्टीकरण:

यदि कोई कर छूट या अनुदान उपलब्ध हैं, तो उन्हें लागत में कमी के रूप में माना जायेगा। इसी प्रकार, यदि कोड़ पुराना उपकरण/डिवाइस/साधन/प्रौद्योगिकी आदि है जिसे बदला जा रहा है; तो इस पुराने उपकरण या उपकरण के स्क्रैप मूल्य को लागत में कमी के रूप में माना जायेगा।

डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम या डीएफ/डीएसएम उपाय के लाभ ऊर्जा की उपभोग (किलोवाट घंटे) में बचत और/या मांग (किलोवाट) में बचत हैं। किलोवाट घंटे की बचत की गणना ऊर्जा कुशल उपकरण/सामान के उपयोग के घंटों की संख्या और वर्ष में उपकरण/सामान के उपयोग के दिनों की संख्या के आधार पर की जायेगी। ये बचतें आमतौर पर उपयोग के समय ही होती हैं और इनका अनुभव डीएफ/डीएसएम उपाय स्थापित करने वाले उपभोक्ता या डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम में भाग लेने वाले उपभोक्ता द्वारा किया जाता है। लाइसेंसधारी द्वारा विद्युत क्रय में होने वाली बचत का पता लगाने के लिये, उपयोग के बिंदु पर प्रतिभागियों की बचत को सिस्टम के प्रसारण और वितरण हानियों के साथ-साथ ग्रिड से जुड़े वितरित सौर पीवी सिस्टम के मूल्य को ध्यान में रखते हुये उचित रूप से समायोजित किया जाना चाहिये ।

इस प्रकार, यदि ΔS वर्ष "t" में उपयोग के बिंदु पर बचत है, तो ΔSt को kWh में व्यक्त किया जाता है, और यदि एक ही वर्ष में संचरण और वितरण हानि को प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाए तो वे क्रमश: TLt और DLt हैं, लाइसेंसधारी द्वारा वर्ष "t" में विद्युत की परिहारित क्रय (APPt) होगी: $=\Delta St/[(1-TLt) \times (1-DLt)]$

यदि वर्ष "t" में विद्युत क्रय की दर Rt है, तो वर्ष "t" में विद्युत क्रय की परिहारित लागत (APPCt) होगी: $= APPt \times Rt$

लाइसेंसधारी की औसत समवर्ती चरम मांग में कमी के परिणामस्वरूप **"**अंतर-राज्यीय संचरण शुल्क**"** में कोई भी कमी इस परीक्षण के अंतर्गत **"**लाभ**"** मानी जायेगी।

ऊर्जा और मांग में होने वाली बचत को लाभ के रूप में गणना करते समय, वर्ष प्रति वर्ष 5 प्रतिशत वृद्धि दर को ध्यान में रखा जाना चाहिये। परीक्षणों में भारित औसत पूंजी लागत (डब्ल्यूएसीसी) के बराबर छूट दर पर विचार किया जाना चाहिये।

उपयोग में लाई जा रही तकनीक के "जीवनकाल" के दौरान लाभ और लागत दोनों की गणना की जायेगी। वितरण लाइसेंसधारी को प्रौद्योगिकी प्रदाता द्वारा किये गये रेट्रोफिट की "वारंटीशुदा" अवधि का उपयोग करना चाहिये, क्योंकि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि उपकरण/उपकरणों के जीवनकाल में विचारित बचत प्राप्त हो ।

7. दरदाता प्रभाव माप परीक्षण **:**

7.1 मूल्यांकन के लिये नीचे उल्लिखित लागत तत्वों पर विचार किया जायेगा:

क) लाइसेंसधारी द्वारा भुगतान किये गये या लाइसेंसधारी द्वारा भुगतान की गयी सीमा तक, लागू करों, शुल्कों, करारोपण आदि सहित, कुशल डिवाइस/सामग्री/उपकरण/प्रौद्योगिकी या कार्यपद्धति की लागत;

ख) लाइसेंसधारी द्वारा भुगतान किये गये या लाइसेंसधारी द्वारा भुगतान की गयी कुशल डिवाइस/उपकरण/सामग्री/कार्यपद्धति/प्रौद्योगिकी से संबंधित स्थापना, जॉच और प्रारम्भ करने की लागत;

ग) उपाय/कार्यक्रम की अवधि के दौरान वार्षिक संचालन और रखरखाव लागत, जिसका भुगतान लाइसेंसधारी द्वारा किया जाता है या लाइसेंसधारी द्वारा भुगतान की गयी सीमा तक किया जाता है;

घ) पुराने, अक्षम उपकरणों को हटाने और सुरक्षित निपटान की लागत (यदि डीएसएम उपाय/कार्यक्रम में प्रतिस्थापन या रेट्रोफिटिंग अंतर्ग्रस्त है) लाइसेंसधारी द्वारा वहन की जायेगी या लाइसेंसधारी द्वारा वहन की गयी सीमा तक होगी;

ड़) लाइसेंसधारी द्वारा भुगतान की गयी या लाइसेंसधारी द्वारा भुगतान की गयी सीमा तक कार्यक्रम प्रशासन, निगरानी और मूल्यांकन लागत;

च) लाइसेंसधारी द्वारा भुगतान की गयी या लाइसेंसधारी द्वारा भुगतान की गयी सीमा तक, प्रोत्साहन राशि, यदि कोई है, सहित कार्यक्रम विपणन लागत;

छ) डीएसएम कार्यक्रम के कारण लाइसेंसधारियों के राजस्व में कमी;

7.2 डीएसएम कार्यक्रम के लाभों की गणना "विद्युत क्रय की **परिहारित** लागत" के रूप में की जायेगी। यदि वर्ष "t" में उपयोग के समय किसी DSM कार्यक्रम/उपाय के कारण बचत ΔSt है और यदि एक ही वर्ष में प्रसारण और वितरण हानियाँ क्रमश: TLt और DLt हैं, जिन्हें प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है, लाइसेंसधारी द्वारा वर्ष "t" में विद्युत की परित्याग की गयी क्रय (APPt) होगी :

$=\Delta St/[(1-TLt) \times (1-DLt)]$

यदि वर्ष "t" में विद्युत क्रय की दर Rt है, तो वर्ष "t" में विद्युत क्रय की परिहारित लागत (APPCt) होगी: $= APPt \times Rt$

7.3 लाइसेंसधारी की औसत समवर्ती चरम मांग में कमी के परिणामस्वरूप "अंतर-राज्यीय संचरण शुल्क" में कोई भी कमी इस परीक्षण के अंतर्गत "लाभ" मानी जायेगी;

7.4 ऊर्जा और मांग में होने वाली बचत को लाभ के रूप में गणना करते समय, वर्ष प्रति वर्ष 5 प्रतिशत वृद्धि दर को ध्यान में रखा जाना चाहिये।

नोट: परीक्षणों में भारित औसत पूंजी लागत **(**डब्ल्यूएसीसी**)** की छूट दर पर विचार किया जाना चाहिये।

7.5 प्रौद्योगिकी के "जीवनकाल" के दौरान लाभ और लागत दोनों की गणना की जायेगी;

7.6 वितरण लाइसेंसधारी प्रौद्योगिकी प्रदाता द्वारा रेट्रोफिट की "वारंटीशुदा" अवधि का उपयोग करेगा, क्योंकि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि उपकरण/उपकरण के जीवनकाल में विचारित बचत प्राप्त हो ।

8. जीवनचक्र राजस्व प्रभाव **-** आरआईएम परीक्षण **:**

8.1 LRIRIM परीक्षण उसी डेटा का उपयोग करके आयोजित किया जायेगा जिसका उपयोग इन विनियमों के विनियम 7 में वर्णित RIM परीक्षण की गणना के लिये किया जाता है।

8.2 लागत के एनपीवी और लाभ के एनपीवी के बीच के अंतर को कुल उपयोगिता किलोवाट घंटे के विक्रय से विभाजित किया जायेगा ताकि गैर-भागीदारों पर दर के प्रभाव का निर्धारण किया जा सके।

8.3 वितरण लाइसेंसधारियों को दो और परीक्षणों के परिणाम भी प्रस्तुत करने होंगे - प्रतिभागी लागत परीक्षण (पीसीटी) और सामाजिक लागत परीक्षण (एससीटी); यद्यपि, ये प्रतिभागियों और समाज पर पड़ने वाले प्रभाव और निर्णय लेने की

प्रक्रिया को समझने में सहायक हो सकते हैं। पीसीटी और एससीटी को संपन्न करने की विधियाँ इन विनियमों के अनुलग्नक **2** में दी गयी हैं।

9. परीक्षणों में उपयोग किये गये प्रमुख इनपुट के मान **:**

राज्य में सभी वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा विचार किये जाने वाले डिफॉल्ट इनपुट मूल्य निम्नलिखित होंगे :

(क) टीआरसी, आरआर्इएम और पीसीटी के लिये विद्युत क्रय की **परिहारित** लागत - पिछले वित्तीय वर्ष के लिये ऊर्जा उपयोग स्टैक के शीर्ष 10% से संबंधित विद्युत क्रय की उच्चतम सीमांत लागत का भारित औसत ।

(ख) एससीटी के लिये विद्युत क्रय की बची हुर्इ लागत, सी.र्इ.आर.सी. द्वारा निर्धारित डे अहेड मार्केट के लिये प्रचलित अधिकतम दर होगी, जिसे डीएफ/डीएसएम पोर्टफोलियो प्रस्तुत करने के समय मान्य रूप से समय-समय पर संशोधित किया जायेगा।

आयोग, यदि आवश्यक है, आदेश द्वारा, उपरोक्त मूल्यों को वार्षिक रूप से संशोधित कर सकता है।

अध्याय III: **मूल्यांकन**, **मापन और सत्यापन**

10. डीएसएम मूल्यांकन**,** मापन और सत्यापन के मार्गदर्शक सिद्धांत

10.1 इन विनियमों के अंतर्गत आवृत्त् तीन बुनियादी प्रकार के मूल्यांकन इस प्रकार हैं :

क) <u>प्रभाव मूल्यांकन</u>: यह उन प्रभावों (जैसे, ऊर्जा और मांग में बचत) और सह-लाभों (जैसे, उत्सर्जन में कमी, स्वास्थ्य लाभ, रोजगार सृजन, ऊर्जा सुरक्षा, प्रसारण/वितरण लाभ और जल बचत) को निर्धारित करता है जो किसी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप सीधे तौर पर प्राप्त होते हैं। प्रभाव मूल्यांकन, कार्यक्रमों की सापेक्ष लागत और लाभों की पहचान करने के उद्देश्य से किये गये लागत प्रभावशीलता विश्लेषण में सहायक होते हैं।

ख) <u>प्रक्रिया मूल्यांकन</u> जो कार्यक्रम के डिजाइन से लेकर कार्यान्वयन तक की प्रक्रिया का आकलन करता है, ताकि अवरोधों, दक्षताओं, सीमाओं और संभावित सुधारों की पहचान की जा सके। सुधार के अवसरों की पहचान करने में समयसीमा का ध्यान रखना आवश्यक है।

ग) <u>बाजार प्रभाव मूल्यांकन</u> जो ऊर्जा बाजार में बदलावों के कारण भविष्य में डीएफ/डीएसएम परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने पर किसी कार्यक्रम के प्रभाव का अनुमान लगाता है।

10.2 सभी मांग लचीलापन और मांग पक्ष प्रबंधन परियोजनाओं और कार्यक्रमों के लिये संपूर्ण मूल्यांकन, माप और सत्यापन (ईएममवी) प्रक्रिया को जहां भी संभव हो, ऑनलाइन और वास्तविक समय मूल्यांकन उपकरणों का उपयोग करके पारदर्शी तरीके से प्रबंधित किया जायेगा। वितरण लाइसेंसधारियों को स्वतंत्र सत्यापन एजेंसियों (आईवीएसी) को पैनल में शामिल करना होगा, जो इन विनियमों के अंतर्गत परिभाषित विशेषज्ञता वाले व्यक्ति या संगठन हो सकते हैं। आयोग कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष साथ ही यदि वह चाहे तों मामले-दर-मामले के आधार पर मूल्यांकन करने के लिये आर्इवीए (IVA) का विकल्प चुन सकता है।

11. प्रभाव मूल्यांकन :

सकल ऊर्जा/मांग बचत और सृजित मांग लचीलेपन के रूप में व्यक्त प्रभाव मूल्यांकन का निर्धारण, डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम के लागू होने के पश्चात् (अर्थात रिपोर्टिंग अवधि) ऊर्जा उपयोग और माँग की तुलना उस स्थिति में ऊर्जा उपयोग और मांग से करके किया जायेगा जब कार्यक्रम लागू नहीं किया गया हो (अर्थात बेसलाइन)। अनुमानित बचत की गणना निम्नलिखित समीकरण द्वारा की जायेगी :

अनुमानित बचत = (आधारभूत उपयोग) - (रिपोर्टिंग अवधि का उपयोग) ± (उपयुक्त समायोजन)

प्रभाव मूल्यांकन मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन दृष्टिकोणों में से किसी एक का उपयोग करके किया जायेगा :

क) मापन एवं सत्यापन दृष्टिकोण;

ख) अनुमानित बचत दृष्टिकोण; और

ग) व्यापक डेटा विश्लेषण।

12. मापन एवं सत्यापन दृष्टिकोण:

अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन मापन एवं सत्यापन प्रोटोकॉल (IPMVP) में वर्णित चार सामान्य मापन एवं सत्यापन पद्धतियों A, B, C और D का उपयोग आधारभूत उपयोग और रिपोर्टिंग अवधि के उपयोग की तुलना करते हुये उचित समायोजन के साथ बचत का अनुमान लगाने के लिये किया जा सकता है। वितरण लाइसेंसधारी को नये मांग पक्ष प्रबंधन कार्यक्रमों के अनुमोदन चरण में आईपीएमवीपी दिशानिर्देशों के अनुरूप मूल्यांकन प्रक्रिया का प्रस्ताव देना चाहिये। यदि वितरण लाइसेंसधारी किसी अन्य उपयुक्त कार्यप्रणाली का प्रस्ताव करना चाहते हैं, तो पोर्टफोलियो और कार्यक्रमों में उन्हें स्पष्ट रूप से शामिल किया जाना चाहिये और इसके लिये औचित्य भी बताया जाना चाहिये। अनुलग्नक-3 में आईपीएमवीपी के अनुसार चार मापन एवं सत्यापन पद्धतियों का सामान्य विवरण दर्शाया गया है।

13. अनुमानित बचत दृष्टिकोण**:**

13.1 अनुमानित बचत **(**यथा "निर्धारित" बचत के भी संदर्भित**)** को विशिष्ट डीएसएम परियोजनाओं के ऐतिहासिक बचत मूल्यों के आधार पर रिपोर्ट किया जायेगा। अनुमानित बचत मूल्यों के स्रोतों को मूल्यांकन योजना में प्रलेखित किया जाना चाहिये।

13.2 परियोजनाओं के एक नमूने के लिये निर्धारित अनुमानित बचत को डीएसएम कार्यक्रम में सभी परियोजनाओं पर लागू किया जायेगा ताकि कार्यक्रम-स्तर की बचत का अनुमान लगाया जा सके। वितरण लाइसेंसधारी द्वारा डीएसएम कार्यक्रमों के लिये अनुमानित बचत दृष्टिकोण की सिफारिश की जायेगी जो दोहराए जाते हैं और जिनकी निश्चित परिचालन स्थितियां (जैसे परिचालन घंटे) और अच्छी तरह से प्रमाणित बचत मूल्य (जैसे ऊर्जा उपभोग पैटर्न) होते हैं। वितरण लाइसेंसधारियों को इस दृष्टिकोण का प्रस्ताव तब देना चाहिये जब कुछ प्रकार की प्रौद्योगिकियों के लिये अच्छी तरह से प्रलेखित और व्यवस्थित रूप से मान्य स्रोत, जैसे कि ऐतिहासिक मूल्यांकन, उपलब्ध हों।

14. बड़े पैमाने पर डेटा विश्लेषण **:**

यदि ऊर्जा उपयोग के एकरूप पैटर्न स्थापित हो गये हों और ऐसी श्रेणियों में कार्यक्रमों का कार्यान्वयन किया गया हो, मांग पक्ष प्रबंधन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से पहले और बाद में ऊर्जा उपयोग की समय- श्रृंखला तुलना का उपयोग करके बचत मूल्यांकन किया जा सकता है। दूसरे दृष्टिकोण में प्रतिभागियों और गैर-प्रतिभागियों द्वारा ऊर्जा के उपयोग की तुलना शामिल होगी।

15. प्रक्रिया मूल्यांकन **:**

वितरण लाइसेंसधारियों को प्रस्तावित उपायों के कार्यक्रम डिजाइन और लागत-प्रभावशीलता में सुधार के लिये सख्त प्रक्रिया मूल्यांकन भी शामिल करना होगा। प्रक्रिया मूल्यांकन को इस प्रकार संरचित किया जायेगा ताकि डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम कार्यान्वयन प्रक्रियाओं और प्रणाली की दक्षता और प्रभावशीलता की जांच की जा सके।

16. बाजार प्रभाव मूल्यांकन :

र्इएमवी विशिष्ट डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप बाजार पर पड़ने वाले प्रभावों का भी आकलन करेगा। इस मूल्यांकन में निम्नलिखित शामिल होंगे :

क) वितरण लाइसेंसधारी के समर्थन के बिना प्रतिभागियों द्वारा कार्यान्वित किये गये अतिरिक्त डीएफ/डीएसएम कार्यक्रमों का मूल्यांकन।

ख) वितरण लाइसेंसधारी के डीएसएम कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचारित तकनीकी हस्तक्षेपों को लागू करने वाली अतिरिक्त ईकाईयाँ।

ग) बाजार में अभिभावी दक्षताओं में परिवर्तन और कुशल उत्पादों की उपलब्धता का मूल्य निर्धारण का आकलन।

17. स्वतंत्र सत्यापन एजेंसियों को पैनल में सम्मिलित करना:

वितरण लाइसेंसधारियों को स्वतंत्र सत्यापन एजेंसियों (आईवीए) को पैनल में सम्मिलित करना होगा। आईवीए का चयन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जायेगा:

क) आईवीए व्यक्तिगत सलाहकार, परामर्श संगठन, शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थान, नागरिक समाज संगठन और/या उनके संघ हो सकते हैं;

ख) आईवीए में कम से कम एक बीर्इर्इ प्रमाणित ऊर्जा अंकेक्षक या प्रमाणित ऊर्जा प्रबंधक होना चाहिये या परामर्श संगठनों/संघों के मामले में किसी राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन एजेंसी द्वारा प्रमाणित एक प्रमाणित मापन एवं सत्यापन पेशेवर (सीएमवीपी) होना चाहिये; और

ग) बड़े डेटासेट से संबंधित डिजाइन, कार्यान्वयन, समीक्षा, माप, सत्यापन और सांख्यिकीय विश्लेषण में अनुभव होना चाहिये।

घ) विशिष्ट परियोजनाओं के लिये नियुक्त आर्इवीए को डीएफ/डीएसएम कार्यक्रम के डिजाइन, कार्यान्वयन, समीक्षा और किसी भी संबंधित गतिविधि में सन्निहित नहीं होना चाहिये था।

18. र्इएमवी रिपोर्ट प्रारूप:

